गृह ! करके अनेक प्रकार के शस्त्रों से वनस्पति कायके तथा वनस्पति के आश्रय रहे हुए त्रस स्थावर जीवों की हिंसा करते हैं. ॥ ६ ॥ अब अहो जंबु ! वनस्पति का चैतन्यपना मैं बतलाता हूं-जैसे अपना शरीर का स्वभाव उत्पन्न होने का है वैसाही वनस्पति का स्वभाव उत्पन्न होने का है. जैसे शरीर वृद्धि पाता है वैसेही इनकी वृद्धि होती है. जैसे शरीर में चित्त है वैसे उनमेंभी चित्त है. जैसे शरीर को काटने से सूकजाता है वैसेही उनको काटने से सूकजाते है. जैसे शरीर को आहार की जरूरत है वैसेही उसको आहार की जरूरत है. जैसे शरीर अनित्य है वैसेही वह भी अनित्य है. जैसे शरीर अशाश्वत है वैसेही वहभी अशाश्वत

शब्दार्थ वि० विशेषणाधिकर्मी प० परभी वि० पारिणामिक धर्मी है ॥ ७ ॥ द्वितीय उद्देशामें देखो ॥ ८ ॥

मूल एयंपि विपरिणामधम्मयं ॥ ७ ॥ एत्थ सत्थं समारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाया भवंति एत्थ सत्थं असमारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा परिण्णाया भवंति तं परिण्णाय मेहावी णेव सयं वणस्सइ सत्थं समारंभेज्जा णेवण्णेहिं वणस्सइ सत्थं समारंभावेज्जा णेवण्णेहिं वणस्सइ सत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा जस्सेते वणस्सइ सत्थ समारंभा परिण्णाया भवंति से हु मुणी परिण्णाय कम्मेत्तिबेमि ॥ ८ ॥ इति सत्थपरिण्णाअज्झयणस्स पंचमोद्देसो सम्मत्तो. * * * *

भावार्थ है जैसे शरीर का चयउपचय होता है वैसेही उनका भी चयउपचय होता है. जैसे शरीर अनेक विकार पाता है वैसेही वह भी अनेक विकार पाता है. इसलिये वनस्पति सजीव है. ॥ ७ ॥ जो वनस्पतिकाय के जीवों का हिंसा में प्रवृत्त होता है उसे नतो आरंभ का ज्ञान होता है और न प्रत्याख्यान होता है. जिससे उनको निरंतर वनस्पति काय की हिंसा जन्य पाप लगता रहता है. और जो ज्ञानी जन वनस्पति काय की हिंसा से निवृत्त हुए हैं उनको आरंभ का ज्ञान व त्याग होता है, इसलिये उनको पाप नहीं लगता है. इसलिये वनस्पति काय के आरंभ को कर्म बंध का कारण जान कर उसकी हिंसा आपस्वयं करे नहीं. दूसरे के पास करावे नहीं, और हिंसा करने वाले को अच्छा भी जाने नहीं. उनकोही मैं सच्चा शुद्धसंयमी साधु

पदार्थ

पर्यवस्कों प० गुप्तप्रिय है स० सर्व पा० प्राणीकों भ० सर्व भू० भूतकों स० सर्व जी० जीवकों म० सर्व स० सत्वको अ० अशाता अ० अप्रिय म० महाभय कर्ता दु० एसा बे० कहताहूं ॥ २ ॥ त० त्रस पाने हैं पा० प्राणी दि० दिशाविदिशामें स० सदा २ पु० पृथक् २ पा० देखो आ० आतुर प० दुःख देते हैं सं०

सूत्र

जीवाणं सव्वेसिं सत्ताणं असातं परिणिव्वाणं महब्भयं दुःखंत्तिबेमि ॥ २ ॥ तसंति पाणा दिसासुदिसासु य तत्थ तत्थ पुढो पास आतुरा परितावेंति संति पाणा पुढो सिया ॥ ३ ॥ लज्जमाणा पुढो पास अणगारा मोत्ति एगे पवयमाणा जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं तसकायसमारंभेणं तसकायसत्थं समारंभमाणा अण्णे अणेगरूवे पाणे वि-

भावार्थ

पंचेन्द्रियादि सर्व जीवों को और पृथिव्यादि सर्व सत्वों को एक सुखही प्रियकारी है दुःख अप्रिय और महाभय का कारण है ॥ २ ॥ ये त्रस प्राणी चारों ओर के दुःख से भय भीत रहते हैं तथापि विषय कषाय में मूर्छ बने हुए मनुष्य अपना अनेक प्रकार का स्वार्थ को पूर्ण करनेकेलिये इनको परिताप उपजाते हैं. इस दुःख से भयभीत [illegible] कर बिचारे पृथिव्यादिक का आश्रय ग्रहण कर अलग २ रहते है कि इनको कोइ न संतावे. ॥ ३ ॥ इस जगत में कितनेक बौद्ध मतादिक के भिक्षुक लज्जित होते हुए कहते हैं कि हम साधु हैं परंतु वे विविध प्रकार के शस्त्रों से त्रस काय के जीवों की हिंसा करते हैं जिनसे त्रस काया के आश्रित रहे हुये अन्य स्थावर जीवों की भी हिंसा होती है. इसलिये वे जो साधु का नाम धराते हैं सो मि-

शब्दार्थ

उद्देशाके ॥ १ ॥ द्वितीय उद्देशामें ॥ ४ ॥ से० अब बे० मैं कहता हूं. सं० हे सं० उडते पा० प्राणी आ०

मूल

सयमेव वाउसत्थं समारंभति, अन्नेहिं वा वाउसत्थं समारंभावेति अण्णेहिं वा वाउसत्थं समारंभंते समणुजाणइ तं से अहियाए तं से अबोहिए ॥ ३ ॥ से तं संबुज्झमाणे आयाणीयं समुट्ठाए सोच्चा खलु भगवओ अणगाराणं वा अंतिए इह मेगेसिं णायं भवइ एस खलु गंथे, एस खलु मोहे, एस खलु मारे, एस खलु णरए, इच्चत्थं गढिए लोए जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं वायुकम्मसमारंभेणं वाउसत्थं समारंभमाणे अण्णे अणेगरूवे पाणे विहिंसइ ॥ ४ ॥ से बेमि संति संपाइमापाणा आहच्च संपयंति

भावार्थ

न वायु काय के जीवो की घात करता है, दूसरे के पास कराता है, और घात करने वाले को अच्छा जानता है उसको वायुकाय का आरंभ अहित का कर्ता तथा अबोध का कर्ता होगा. ॥ ३ ॥ वैज्ञानिक तीर्थंकरादि महात्माओंका सद्बोध श्रवण करके आदरणीय वस्तु जो ज्ञानादि है उनको अङ्गीकार करते है. वे समझते हैं कि वायुकाय का आरंभ निश्चय से कर्मबंध का कारण, मोहका कारण, मृत्यु का कारण, तथा नरक का कारण है. एसा होते हुए भी मनुष्यादि जीव अपने कार्य में गृद्ध बनकरके अनेक प्रकार के शस्त्रों से वायु काय की तथा वायु काय के आश्रय रहे हुए त्रस स्थावर जीवों की घात करते हैं. ॥ ४ ॥ अब अहो जंबु! मैं कहता हूं कि इस वायु के साथ अनेक उडते प्राणीयों मच्छर आदि एकत्रित होकर पानी अग्नि

... य० च० फ० स्पर्श प० निश्चयार्थ पु० स्पर्शी हुआ. प० कितनेक सं० संकुचित-पना को आ० प्राप्त होते हैं ते० जो त० वहां सं० संकुचितपना को आ० प्राप्त होते हैं ते० ते त० वहां प० परिताप पाते हैं जे० जो त० वहां प० परिताप पाते हैं ते० ते त० वहां उ० मरजाते हैं ॥ ६ ॥ द्वितीय

मूलं

य फरिसं च खलु पुट्ठा एगे संघाय मावज्जंति. जे तत्थ संघाय मावज्जंति ते तत्थ परिया विज्जंति जे तत्थ परियाविज्जंति ते तत्थ उद्दायंति ॥ ६ ॥ एत्थ सत्थं समारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाया भवंति. एत्थ सत्थं असमारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा परिण्णाया भवंति. तं परिण्णाय मेहावी णेव सयं वाउसत्थं समारंभेज्जा णेवन्नेहिं वाउसत्थं समारंभावेज्जा णेवन्ने वाउसत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा.

भावार्थ

जरसे ते वायुसत्थं स-भादि उष्णवद स्थान में गिरते हैं. वे उस स्पर्श को स्पर्शते हुए संकुचित होते हैं. जो वहां संकुचित होते हैं, वे वहां मूर्च्छा पाते हैं. और जो वहां मूर्च्छित होते हैं, वे मृत्यु को प्राप्त होते हैं. ॥ ६ ॥ जो वायु काय के जीवों की हिंसा में प्रवृत्त होता है, उसे उनके आरंभ का ज्ञान होता है, और न प्रत्याख्यान होता है; जि-ससे उसको निरंतर वायुकाय की हिंसा जन्य पाप लगता रहता है. और जो ज्ञानी जन वायुकाय की हिंसा से निवृत्त हुए हैं उनको आरंभ का ज्ञान व त्याग होता है अतः पाप उनको हिंसा जन्य पाप नहीं लगता है. इसलिये वायुकाय का आरंभ को कर्मबंध का कारण जानकर उसकी हिंसा आप

थे उद्देशायें ॥ ५ ॥ ए० इन सब को अ० भी जा० जाने उ० कर्मबंधनेवाले जे० जो आ० आचार में न० नहीं र० रमते है. आ० आरंभ करते हुए वि० संयम व० बोलते हैं छ० स्वच्छन्दाचारी अ० प्राप्त हुए आ० आरंभमें आसक्त प० करते हैं सं० कर्मबंध ॥ ७ ॥ से० अब व० ज्ञानादिलक्ष्मीयुक्त स० सर्व स० साधु को योग्य प० प्रज्ञासे अ० आत्मासे अ० अयोग्य पा० पापकर्म णो० नहीं अ० अन्यमें ॥ ८ ॥ तं० उन

सूत्र मारंभा परिण्णाया भवंति से हु मुणी परिण्णाय कम्मेत्ति बेमि ॥ ६ ॥ एत्थपि जाण उवादीयमाणा, जे आयारे न रमंति, आरंभमाणा विणयं वयंति, छंदोवणीया, अज्झोववण्णा, आरंभसत्ता पकरेंति संगं ॥७॥ से वसुमं सव्वसमण्णागयपण्णाणेणं अप्पाणेणं अकरणिज्जं पावकम्मं णो अन्नेसिं ॥ ८ ॥ तं परिण्णाय मेहावी णेव सयं छजी-

भावार्थ स्वयं करे नहीं, दूसरे के पास करावे नहीं, और हिंसा करने वाले को अच्छा भी जाने नहीं, उनको ही मैं शुद्धसंयमी साधु कहता हूं. ॥ ६ ॥ उक्त प्रकार से छकाय के जीवों का वध से कर्मबंधन होता हुवा जानकर जो आचार में न रहते हैं, आरंभ करते हुए हम संयमी है ऐसा बोलते हैं स्वच्छाचारी हैं. मात्र काम भोगो में तल्लीन रहते हैं, और जो आरंभ में आसक्त रहते हैं, वे कर्मबंध करते हैं. ॥ ७ ॥ इसलिये ज्ञानादि मात्र लक्ष्मी युक्त साधु को चाहिये कि अयोग्य पाप कर्म को आप समाचरे नहीं ॥ ८ ॥ उपर्युक्त कथन सर्वज्ञ प्रभुका जाणकर पंडित पुरुषों का कर्तव्य हैं कि आप स्वतः छ

शब्दार्थ — प० जाणकर से पंडित णे० नहीं स० स्वयं छ० छजीवनिका कायाका म० शस्त्र से स० आरंभ करे णे० नहीं अ० छजीव निकायका स० शस्त्र से स० आरंभ करावे णे० नहीं अ० अन्य छ० छजीवनिकाय को स० शस्त्र से आरंभ करते स० भलाजाणे ज० जिस को ए० ये छ० छजीवनिकाय के स० शस्त्र का स० आरंभ की प० परिज्ञा भ० हुई है ने० उन को ही मु० मुनि प० शुद्ध संयमी इ० ऐसा मैं० मैं कहता हूं ॥ २. ॥

मूल — वणिकायसत्थं समारंभेज्जा, णेवन्नेहिं छज्जीवणिकायसत्थं समारंभावेज्जा, णेवन्ने छज्जीवणि कायसत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा. जस्से ते छज्जीवणिकायसत्थंसमारंभा परिण्णाया भवंति से हु मुणी परिण्णाय कम्मेत्ति बेमि॥२॥इति सत्थपरिण्णा णाम पढम मज्झयणं सम्मत्तं ॥

भावार्थ — जीवनिकाय की हिंसा करे नहीं, दूसरे के पास कदापि करावे नहीं और हिंसा करने वाले को अच्छा भी जाने नहीं. इस तरह जो छजीवनिकाय की हिंसा से निवर्ते हैं, उनकोही मैं शुद्ध संयमी साधु कहता हूं ॥ २ ॥ यह प्रथम अध्ययन में छजीवनिकाय का स्वरूप कहा उस को ज्ञपरिज्ञासे जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञा से त्याग करे. वह आचारवंत साधु होवे जो लोक कहिए शब्दादि विषय तथा रागादि कषाय इन का विजय नाम जिते अत एव लोक विजय नामक दूसरा अध्ययन श्री सुधर्मास्वामी कहते हैं.

॥ अथ लोकविजयनामकं द्वितीयमध्ययनम् ॥

जे० जो गु० विषय से० वे मू० संसारस्थान जे० जो मू० संसारस्थान से० वे गु० विषय इ० ऐसा से० वे गु० विषयार्थी म० महा प० परिताप से व० रहे प० प्रमादी तं० वह ज० इस प्रकार मा० माता मे० मेरी पि० पिता मेरा भा० भ्राता मेरा भ० भगिनी मेरी भ० भार्या मेरी पु० पुत्र मेरा धू० पुत्री मेरी सु० पुत्रवधू स० मित्र स० स्वजन सं० सम्बन्धि सं० संस्तवी मे० मेरे वि० विचित्र प्रकार के उपकरण प० परिवर्तन भो० भोजन वस्त्रादि मेरे इ० इस में ग० गृद्धि लोक व० रहते हैं प० प्रमादी ॥ १ ॥ अ०

सूत्र

जे गुणे से मूलट्ठाणे जे मूलट्ठाणे से गुणे इति से गुणट्ठी महता परियावेणं वसे पमत्ते तंजहा-माया मे, पिया मे, भाया मे, भइणी मे, भज्जा मे, पुत्ता मे, धूया मे, सुण्हा मे, सहि, सयण, संगंथ, संथुया मे विविचोवगरणपरियट्टण भोयणच्छायणं मे, इच्चत्थं गड्डिए लोए वसे पमत्ते ॥ १ ॥ अहोयराओ परितप्पमाणे कालाकालसमुट्ठाइ संजो-

भावार्थ

जो विषय हैं वे संसार के हेतु हैं, और जो संसार के हेतु हैं वे विषय हैं. इसलिये जो विषयार्थी होते हैं, वे महादुःख पाते हैं, और कहते हैं कि-माता मेरी है, पिता मेरा है, भ्राता, भगिनी, स्त्री, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधु, मित्र, स्वजन, सम्बन्धि मेरे हैं. वैसेही विचित्र प्रकार के उपकरण हाथी, घोडा, शयनासन प्रमुख, भोजन, वस्त्रादिक मेरे हैं. ऐसे तरह विषयी लोकों प्रमादी बन मोह गृद्धि बने रहते हैं. ॥ १ ॥

दिन य० च० रा० रात्रि प० परिताप पातेहुए का० मनिनपण स० सावधान हुवे सं० संजोगार्थी अ० धन के लोभी आ० लुब्ध स० सहसात्कार वि० विषय में दत्त चित्त ए० यहां स० हिंसा में पु० वारंवार ॥ २ ॥ अ० अल्प च० निश्चयार्थ वाची आ० आयुष्य, इ० यहां ए० कितनेक मा० मनुष्यों को तं० वह ज० इस प्रकार सो० श्रोतेन्द्रिय की प० परिज्ञा प० घटती है च० चक्षुकी प० परिज्ञा प० घटती है, घा० घ्राणेन्द्रिय की प० परिज्ञा प० घटती है. र० जिव्हा की प० परिज्ञा प० घटती है, फा० स्पर्शेन्द्रिय की प० परिज्ञा प० घटती है, अ० मनुष्य आती है, व० वृद्धावस्था च० और च० निश्चय सं० भरती तरह

मूल

अट्ठी, अट्ठालोभी, आलुंपे, सहसाकारे, विणिविट्ठचित्ते, एत्थ सत्थे पुणो पुणो ॥ २ ॥ अप्पं च खलु आउयं इह मेगेसिं माणवाणं तंजहा—सोयपरिण्णाणेहिं परिहायमाणे, चक्खुपरिण्णाणेहिं परिहायमाणे, घाणपरिण्णाणेहिं परिहायमाणे, रसणपरिण्णाणेहिं परिहायमाणे, फासपरिण्णाणेहिं परिहायमाणे, अभिक्कंतं च खलु वयं संपेहाए, तओ से

भावार्थ

उक्त कुटुम्ब व संपत्तिकेलिये अहोरात्रि दुःखित होता हुआ, सपण्डुः समय की कुछभी परवाह नहीं करता हुआ उद्यम करता है. उक्त पदार्थ में ही लुब्ध होकर निडर पनेसे छेद भिद्यादि अनेक कुकर्म करने में षट्काय के जीवों के प्राण वारंवार लूटता हुआ आयुः व्यतीत करता है, ॥ २ ॥ प्रथमतो मनुष्य का आयुष्यही अल्प है, उसमे भी जरा—वृद्धा वस्था प्राप्त होतेही कान, आंख, नाक, जीव्हा,

पदार्थ

देखकरके न० नव मे० वे ए० एकदा मू० मूढभाव ज० उत्पन्न करते हैं ॥ ३ ॥ जे० जिस की वा० या स० साथ मे० रहता है ते० वे वा० या णं० उस को पु० एकदा णि० पुत्रादि पु० पहिले प० छोडदेते हैं. सो० वह वा० या ते० उन णि० पुत्रादिक को प० पीछे मे प० छोडदेता है. ण० नहीं ते० वे न० तेरी ता० रक्षा के लिये वा० या स० शरण के लिये तु० तेभी ते० उन का ण० नहीं. ना० रक्षा के लिये ते० वे ण० नहीं हा० हास्य के लिये कि० क्रीडा के लिये, ण० नहीं र० आनंद के लिये ण० नहीं. वि० विभूषा के लिये

मूल

एगया मूढभावं जणयंति ॥ ३ ॥ जेहिं वा सद्धिं संवसति ते वा णं एगया णियगा पुव्वं परिवयंति, सो वा ते णियगे पच्छा परिवएज्जा । णालं ते तव ताणाए वा सरणाए वा तुमंपि तेसिं नालं ताणाए सरणाए वा । सेण हासाए, ण किड्डाए, ण रतीए,

भावार्थ

और शरीर इसकी शक्ति प्रतिदिन कमी होती जाती है. उस वृद्धावस्था को देखकर विषयासक्त प्राणी इच्छा तृप्त करने मे असमर्थ हो दिङ्मूढ बन जाता है, और आरति भोगता है. ॥ ३ ॥ जिन पुत्र कलत्रादिकों के साथ वह वृद्धपुरुष रहता है, वेही एकदिन उस वृद्ध पुरुष की भत्सना कर पहिले ही छोड देते हैं वह वृद्ध पुरुष भी पीछे उन पुत्र कलत्रादि कों की निन्दा करता हुआ छोड देता है. कदाचित पुण्योदयसे सुपुत्रादिक मिले और अपना वृद्ध पिताको न त्यागे तोभी वे उनका बचाव करने व शरण देने मे समर्थ नहीं होते हो. सकते है. और वह वृद्ध भी उनका बचाव करने में व शरण देने में समर्थ नहीं होसक

शब्दार्थ [illegible] करके [illegible] यथोक्त संयमानुष्ठान ॥ ४ ॥ [illegible] और [illegible]
[illegible]
[illegible] जाता है, जो
[illegible]
[illegible] ॥ ३ ॥ [illegible]

सूत्र

ण विस्सए। इच्चेवं समुट्ठिए अहोविहाराए ॥ ४ ॥ अंतरं च खलु इमं संपेहाए
धीरे मुहुत्तमवि णो पमायए, वओ अच्चेइ जोव्वणं च ॥ ५ ॥ जीविए इह जे पम-
त्ता से हंता छेत्ता, भेत्ता, लुंपित्ता, विलुंपित्ता, उद्दवित्ता, उत्तासइत्ता, अकडं क-
रिस्सामि त्ति मण्णमाणे ॥ ६ ॥ जेहिं वा सद्धिं संवसति ते वा णं एगया णियगा

भावार्थ

[illegible] शस्त्र, [illegible]
[illegible] अनुष्ठान में [illegible] ॥ ४ ॥ [illegible]
[illegible] प्रमाद नहीं करे, क्यों कि [illegible]
जाता है ॥ ५ ॥ [illegible] नहीं है, वे [illegible]
[illegible] मारते हैं, [illegible] प्रकार से [illegible] करते हैं, [illegible]

मे पो० पोषते हैं मो० वह ते० उन णि० पुत्रादिक को प० पिछे पो० पोषताहै णा० नहीं ते० वे त० तेरा ता० रक्षण स० शरण के लिये तु० तूभी ते० उनका णा० नहीं ता० रक्षण स० शरण ॥८॥ उ० भोगवते बचा हुवा सं० पास सं० संचय क० करे इ० यहां ए० एकेक अ० अंतराये भो० भोगवने के लिये त० तत्र से० उनको रो० रोगोत्पत्ति स० होती है ॥८॥ जे० जिसकी स० साथ सं० रहता है ते० वे णं० उनको णि०

पुव्वि पोसंति सो वा ते णियगे पच्छा पोसेज्जा । णालं ते तव ताणाए वा सरणाए वा तुमंपि तेसिं णालं ताणाए वा सरणाए वा ॥ ७ ॥ उवादियसेसेण वा संणिहीसंणियओ कज्जति इह मेगेसिं असंजताणं भोयणाए तओ से एगया रोग समुप्पाया समुप्पज्जंति ॥ ८ ॥ जेहिं वा सद्धिं संवसति ते वा णं एगया णियगा पुव्विं परिहरंति सो वा ते

देते हैं और ऐसा मानते कर्तव्यकिजो किसीने आजतक नहीं किया सो करूंगा.॥६॥ परंतु मंदभाग्य जीवको किसीरभी धनकी प्राप्ति नही होवे तो कुटुम्बी जन उनकी पोषणा करते हैं. तथा समय पाकर धन प्राप्त कर वह भी कुटुम्बीजनोंकी पोषणा करता है. परंतु वे कुटुम्बी जन उनकी पालना करने तथा शरण देने में समर्थ नही है. और वह भी कुटुम्बीजनो को पालने में तथा शरण देनेमे समर्थ नहीं होताहै. ॥ ७ ॥ उक्त प्रकारसे भोगवते बचा हुवा द्रव्य का संचय करके रखतेहैं, ऐसा जानतेहैं, कि यह द्रव्य हम को तथा हमारे कुटुम्बके उपभोगार्थ होगा परंतु अन्तरायोदयसे एकदा उनको रोगकी प्राप्ति होजातीहै, जिससे उस द्रव्य को

शब्दार्थ पुत्रादि णि० पहिले प० छोड़देते हैं सो० वह ते० उन णि० पुत्रादिक को प० पीछे से प० छोड़देता णा० न
नहीं ते० वे त० तेरे ता० रक्षण के लिये स० शरण के लिये तु० तूभी ते० उनके णा० नहीं ता० रक्षण स०
शरण के लिये ॥ ९ ॥ ए० ऐसा जा० जान करके दु० दुःख प० प्रत्येक का सा० सुख अ० नहीं गए हुए
और च० [illegible] व० वय से० देखकर ख० अवसर जा० जानो प० पंडित ॥१०॥ जा० जबतक सो०
श्रोतेन्द्रिय का ज्ञान अ० हीन न हुवा ने० चक्षुइन्द्रिय का ज्ञान अ० हीन न हुवा घा० घ्राणेन्द्रिय का ज्ञान अ०

मूल णियगा पच्छा परिवेयंति नालं ते तव ताणाए वा सरणाए वा, तुमंपि तेसिं नालं ताणाए वा सरणाए वा ॥ ९ ॥ एवं जाणित्तु दुक्खं पत्तेयं सायं अणभिक्कंतं च खलु वयं संपेहाए खणं जाणाहि पंडिए ॥ १० ॥ जाव सोयपरिण्णाणेहिं अपरिहायमाणेहिं, नेत्तपरि-

भावार्थ संपन्न नहीं सकते हैं. ॥८॥ जिनकी साथ वह रहता है व उस पुरुष को पहिले छोड़देते हैं. और वह पुरुष भी उनका पीछे से त्याग देता है. वे पुत्रादिक उसका रक्षण करने व शरण देने में समर्थ नहीं होसकते हैं. और तूभी उनका रक्षण करने में व शरण देने में समर्थ नहीं हो सकता है ॥९॥ प्रत्येक जीव अपने सुख दुःख को आप ही भोगते हैं. ऐसा जान कर जबतक वृद्धावस्था प्राप्त नहीं हुई वहीं यौवन वय को देखकर हे पंडित अवसर को पहिचानो ॥१०॥ जहां तक श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रस, और स्पर्श इन पांचो इन्द्रियों के ज्ञान शक्ति कमी नहीं हुई है, उस दरम्यान आत्माके अर्थ संयम अनुष्ठान का सम्यक् रीति

हिन नहीं हुवा र० रसेन्द्रिय का ज्ञान अ० हिन नहीं हुवा फा० स्पर्शेन्द्रिय का ज्ञान अ० हिन नहीं हुवा इ० इनका वि० विविध प्रकार के प० ज्ञान से अ० हीन न हुवा आ० आत्मा स० सम्यक् करे स० पालनकरेपा ऐसा मैं कहता हूं ॥ ११ ॥ इ० यह लोकविजय अ० अध्ययनका प० प्रथमोद्देश ॥

अ० अरति आ० दूर करे मे० वे मे० पंडित ख० क्षणमें मु० मुक्त होते हैं अ० आज्ञाकी वाहिर पु०

णाणेहिं अपरिहायमाणे, घाण परिण्णाणेहिं अपरिहायमाणे रसपरिण्णाणेहिं अपरिहायमाणे, फास परिण्णाणेहिं अपरिहायमाणे इच्चेतेहिं विरूवरूवेहिं परिण्णाणेहिं अपरिहायमाणे आयट्ठसम्मं समणुवासिज्जासित्तिबेमि ॥ ११ ॥ इति लोगविजयज्झयणस्स पढमो देसो सम्मत्तो ॥ × × ×

अरइ आउट्टे से मेहावी खणंसि मुक्के अणाणाए पुट्ठावि एगे णियट्टंति मंदा मोहेण

से पालन करे ऐसा मैं कहता हूं. ॥११॥ प्रथम उद्देश में ज्ञानियों का संगत्याग कहा जो स्नेह त्यागी होगा वह संयम में दृढ रहेगा वह आगे बताते हैं. यह लोकविजय दूसरे अध्ययनका प्रथमोद्देश हुवा.

संयम पालते ॥ कदाचित अरति पैदा होजाय उसे ज्ञानी दूरकरे क्यों वह ज्ञानी शिघ्रही मुक्तिप्राप्त

[illegible] निवर्त्तते ए० एवं मो० मोह में पा० डूबा हुआ ॥ १ ॥ अ० अपरिग्रही भ० होवेंगे स० [illegible] काम भो० कामभोग अ० ग्रहन करे अ० आज्ञा बाहिर मु० साधु को प० प्रतिलेखते हैं [illegible] बारंबार स० आसक्त णो० नहीं ह० इधर के णो० नहीं पा० उधर के ॥ २ ॥ वी० [illegible] जे ज० मनुष्य जे० जो ज० जन पा० पारगामी लो० लोभ को अ० अलोभ से दु०

[illegible] ॥ १ ॥ अपरिग्गहा भविस्सामो समुट्ठाए लद्धे कामे अभिगाहंति, अणाणाए मुणिणो पडिलेहंति, एत्थं मोहे पुणो पुणो सण्णा णो हव्वाए, णो पाराए ॥ २ ॥ विमुत्ता हु ते जणा, जे जणा पारगामिणो लोभं अलोभेणं दुगुंछमाणे लद्धे कामे णाभि-

[illegible] (बनजारी की तरह) और मोहसे आच्छादित बने हुए कितनेक पूर्व अरति परिषह प्राप्त होने पर संयम की आज्ञा बाहिर हो संयम से निवृत्त होते हैं. अर्थात् भ्रष्ट हो जाते हैं, ॥ १ ॥ वे वेषधारी साधु [illegible] करते हैं. कि हम अपरिग्रही बनेंगे. यों कहकर वे जिनाज्ञा के विरुद्ध कार्य कर लोगों से धनादि ठगकर प्राप्त [illegible] सामग्री को. भोगते हैं. इसी से विषय की गवेषणा करते हुए बारंबार मोहरूप कीचड़में फसते हैं. [illegible] (मुनि पर्व में) रहते हैं. न उसके (गृहस्थ पर्व में) रहते हैं. ॥ २ ॥ निश्चय से वही पुरुष त्यागी हैं कि जो शुद्ध संयम सदा पालते रहते हैं. जो निर्लोभता से लोभका तिरस्कार करके प्राप्त कामभोगों को नहीं भोगते हैं अथवा मूलसे ही लोभको निर्मूल कर शोभित होते हैं, वे कर्म रहित होकर के

शब्दार्थ

दुगंछा करते हुवे क० प्राप्त का० कामभोग णा० नहीं ग्रहण करे वि० विना लो० लोभ नि० निकले ए० यह अ० अकर्मी जा० जाने पा० देखे प० देख करके ण० नहीं अ० वांच्छता है ए० यहां अ० साधु इ० ए सा प० कहलाता है ॥ ३ ॥ अ० अहोरात्रि प० परिताप पाते का० समय दुः समय सं० सावधान हो सं० संजोगार्थी अ० अर्थ लोभी आ० लूंटे स० विना विचारे करे वि० विविध वस्तु में मन ए० यहां स० शस्त्र से पु० वारंवार ॥४॥ से० वे आ० आत्मबलार्थ से० वे णा० ज्ञाति बलार्थ से० वे स० स्वजनबलार्थ मि० मित्र बलार्थ प० प्रेत्य बलार्थ दे० देवबलार्थ रा० राज्यबलार्थ चो० चोरबलार्थ अ० अतिथिबलार्थ कि० कृपणबलार्थ

मूल

गाहइ विणात्रि लोभं निक्खम एस अकम्मे जाणति पासति. पडिलेहाए णावकंखति एस अणगारेत्ति पवुच्चति ॥ ३ ॥ अहोयराओ परितप्पमाणे, कालाकालसमुट्ठाइ, संजोगट्ठी, अट्ठालोभी, आलुंपे, सहसाकारे, विणिविट्ठचित्ते, एत्थ सत्थे पुणो पुणो ॥४॥ से आयबले, से णाइबले, से सयणबले, से मित्तबले, से पेच्चबले, से देवबले, से

भावार्थ

सर्वज्ञ सर्वदर्शी होते हैं. ऐसा विचार करके जो लोभको नहीं चाहता है वही सच्चा अणगार कहाता है. ॥३॥ अज्ञानी मनुष्य अहो रात्रि दुःखित होते हुवे, समय दुःसमय की परवाह नहीं करते हुए, धन और स्त्री में लालची बन अनेक वस्तुओं में चित्तको स्थापन करते हुवे, बगर विचारे वारम्वार अनेक प्रकार के आरंभ समारंभ करते हैं ॥ ४ ॥ जगतवासी जीव शरीरका, ज्ञातिका, स्वजनका, मित्रका, प्रेत्यका, देवका,

स० साधुवधार्थं इ० इत्यादि वि० विविध का० कार्यार्थ दं० दंड समाचरे सं० देख करके भ० भय क० करे प० पाप से छूटना इ० ऐसा म० मानता हुवा अ० अथवा आ० आकांक्षा में ॥ ५ ॥ तं० उसको प० जाण करके मे० पंडित णे० नहीं स० स्वयं ए० ऐसे क० कार्यों से दं० हिंसा स० करे णे० नहीं अ० अन्य पास ए० ऐसे क० कार्यों से दं० करावे ए० ऐसे क० कार्यों से दं० हिंसा स० करने वाले अ० अन्यको नहीं स० अच्छा जाने ॥ ६ ॥ एस० यह म० मार्ग आ० तीर्थंकरों ने प० कहा ज० जहां अ० अर्थ कुशल

सूत्र

रायवले, से चोरवले, से अतिहिवले, से किवणवले, से समणवले, इच्चेतेहिं विरूवरूवेहिं कज्जेहिं दंडसमायाणं संपेहाए भया कज्जति पावमोक्खोत्ति मण्णमाणे, अदुवा आसंसाए ॥ ५ ॥ तं परिण्णाय मेहावी णेव सयं एएहिं कज्जेहिं दंडं समारंभेज्जा, णेवण्णेहिं एएहिं कज्जेहिं दंडं समारंभाविज्जा, एएहिं कज्जेहिं दंडं समारंभंतेवि अण्णे णो समणुजाणेज्जा ॥ ६ ॥ एस मग्गे आरिएहिं पवेदिए, जहेत्थ कुसले णो वलिम्पिज्जासि-

भावार्थ

राज्यका, चोरका, अतिथिका, कृपण का तथा साधु का बल, इत्यादि अनेक प्रकारके बल के लिये प्राणातिपातादि पापाचरण करते हैं. ऐसा जान करके कि यदि ऐसा कार्य नहीं करूंगा तो पूर्वोक्त शरीरादि बल नहीं होंगे; इस भयसे तथा पापसे छूटने के लिये अथवा अप्राप्त वस्तु को प्राप्त करने के लिये, प्राणातिपातादि पाप करते हैं ॥ ५ ॥ ऐसा जानकर पण्डित पुरुष उक्त कार्य साधने के लिये किसी प्रकार का पाप आप करे

न० नहीं लि० लेपाय इ० एसा बे० मैं कहता हूं॥७॥ इ० यह लो० लोकविजय अध्ययनका बि० दूसरा उद्देशा स० समाप्त.

मे० वे अ० अंनतवार उ० उंचगोत्र में अ० अनंतीवार णी० नीचगोत्र में णो० नहीं ही० हीन णो० नहीं अ० अधिक णो० नहीं पि० वांच्छे इ० एसा स० जानकर क० कौन गो० गोत्रवादी क० कौन मानवादी क० किस में वा० या ए० कोइ गि० गृद्ध होवे ॥१॥ तं० इस लिये पं० पंडित णो० नहीं ह० हर्ष पामे णो० नहीं

त्ति बेमि इति लोगविजयज्झयणस्स बीओद्देसो सम्मत्तो. * *

असइं उच्चागोए, असइं णीयागोए, णो हीणे, णो अतिरित्ते, णो पीहए इति संखाए के गोयावादी, के माणावादी, कंसि वा एगे गिज्झे ॥ १ ॥ तम्हा पंडिए णो हरिसे

नहीं, दूसरे के पास करावे नहीं, और पाप करते हुवे को अच्छाभी जाने नहीं ॥ ७ ॥ यह मार्ग तीर्थंकर भगवान ने फरमाया है. इसलिये अपनी आत्मा कर्म से न लेपाय वैसे पंडित पुरुषों को वर्तना चाहिये. यह लोक विजय नामक द्वितीय अध्ययन का द्वितीय उद्देशा पूर्ण हुआ. इसमें संयम की दृढता बताइ जो मान का निग्रह करेंगे वे संयम में दृढ रहेंगे इसलिये आगे मान निग्रह करने का कहते हैं. + +

संसारी जीव अनंतवार ऊंच गोत्रमें और अनंतीवार नीच गोत्रमें उत्पन्न हो आया है. इसमें कुछभी न्युनाधिकता नहीं है. (क्योंकि दोनों के कर्म वर्गणाके पुद्गल सरिखे हैं.) एसा जान आठमदमें से एकही मदका स्थान वांच्छे नहीं. जो जिसका मद करता है; आगे उसी वस्तुमें की हीनता पाता है. एसा

अ० आपार० स० संचय करता ति० त्रिविध जि० जितने से० उसके त० तहां भ० प्रमाण भ० होती ए भ० थोडा व० बहुत से० वे त० तहां ग० गृद्धि बना चि० रहे भो० भोगवने को ॥ ९॥ त० तब से० वे ए० एकदा ति० त्रिविध प० शेष रहा सं० उत्पन्न हुवा म० महाउपकरण भ० होवे तं० उसको मे० वे ए० एकदा दा० कुटुम्ब वि० हिस्सा लेते हैं अ० चोर से० उसे अ० हरते हैं रा० राजा से० उसे वि० दंड लेता है णा० नाश पाता है वि० विनाश होता है से० वह अ० घर दा० जलने में० वह द० जलना है इ० इस प्रकार से प० परार्थ कु० क्रूर क० कर्म बा० अज्ञानी प० करता हुवा ते० उस दु० दुःख से मू० मूर्ख वि०

सूत्र

था से तत्थ गढिए चिट्ठइ भोयणाए ॥ ९ ॥ तओ से एगया विविहं परिसिट्ठं संभूयं महोवगरणं भवति, तंपि से एगया दायादा विभयंति, अदत्ताहारा वा से अवहरंति, रायाणो वा से विलुंपंति, णस्सति वा से, विणस्सति वा से, अगारदाहेण वा से डज्झइ इति से परस्सट्ठाए कूराइं कम्माइं बाले पकुव्वमाणे तेण दु-

भावार्थ

भोगनेके लिये धन संचय करता है. और उस धनादि में मन वचन और काया से गृद्ध रहता है. ॥ ९ ॥ कदाचित् उसको पुण्योदयसे नाना प्रकार की धनसम्पत्ति एकत्रित हो जावे तो उसको एकदा पापोदयसे गोत्रिज भाग करलेते हैं. चोर चोरी करजाते हैं, राजा लूटता है, व्यापारादि में क्षय होजाता है, तथा स्वतःही विनाशको प्राप्त होजाता है. अग्निप्रयोगसे जल जाता है इत्यादि अनेक तरह से धनक्षय प्रत्यक्ष में देखते हुवे भी अज्ञानी जीव परकेलिये अनेक प्रकारके क्रूर कर्म करते हैं

परिणपनाको उ० पाता है ॥ १० ॥ पु० तीर्थंकरों ने हु० निश्चय ए० यह प० कहा है अ० अर्थात् तीरने वाले ने ० ये ण० नहीं ओ० ओघ त० तीरे अ० तीर को प्राप्त नहीं हुवे ए० ये ण० नहीं ति० तीरगामी अ० नहीं पारगामी ए० ये ण० नहीं पा० पारगामी ॥ ११ ॥ आ० आदरणीय च० निश्चय आ० आदरकर तं० उस ठा० स्थान में ण० नहीं चि० रहे वि० असत्य प० प्राप्त कर अ० अविज्ञ तं० उस ठा० स्थान में चि० रहे ॥ १२ ॥ उ० उपदेश पा० तन्मय को ण० नहीं है ॥ १३ ॥ बा० मूर्ख पु० फिर णे० स्नेह का०

सूत्र

करेण मूढे विपरियासमुवेति ॥ १० ॥ मुणिणाहुएयं पवेइयं अणोहंतरा एते णय ओहं तरित्तए अतीरंगमा एते णय तीरंगमित्तए अपारंगमा एते णय पारंगमित्तए ॥ ११ ॥ आयाणिज्जं च आयाय तंमि ठाणे ण चिट्ठइ, वितथं पप्पअखेयन्ने तंमिठाणंमि चिट्ठइ, ॥ १२ ॥ उद्देसो पासगस्स णत्थि ॥ १३ ॥ बाले पुण णेहे कामसमणुण्णे असमित

भावार्थ

होते है. अर्थात् विपरीत भाव को प्राप्त होतेहैं. ॥ १० ॥ तीर्थंकर भगवानने निश्चय से ऐसा वर्णन किया है; कि जो कुतीर्थिक तथा पार्श्वस्थादिक हैं, वे संसार समुद्रकेप्रवाह को तीरने में, तीरे पहोंचने में, पार होने में असमर्थ हैं अत एव न तो वे तीर सकते हैं, और न वे तीरपर पहुंच सकते हैं, और न पार हो सकते हैं ॥ ११ ॥ क्योंकि अज्ञानी जीव आदरणीय जो संयम हैं, उसको ग्रहण कर उस संयम स्थान में नहीं तिष्ठते और कुगुरु के मिथ्या उपदेश को ग्रहण करके उसमेंही तिष्ठते हैं, इसलिये वे पार नहीं पहुंचे सकतेहैं.

उपजते नहीं दुःदुःखमें दु० दुःखी दु० दुःखी को आ० भावमें अ० पर्यटन करता है ॥ १८ ॥ इ० मा० लोकविजय अध्ययनका त० तीसरा उद्देश ॥

उत्पन्न होती है ॥ १ ॥ जे० जिसके या० साथ वसते हैं ते० पुत्रादि प० परिजन प० अवर्णवाद बोलता है गा०

दुःखी दुःखपुरस्सरं आवट्टं अणुपरियट्टइत्ति बेमि ॥ इति लोगविजयज्झयणस्स तइओ उद्देसओ ॥

* * *

तओ से एगया रोगा समुप्पाया समुप्पज्जंति ॥ १ ॥ जेहिं वा सद्धिं संवसति ते

॥ १७ ॥ ऐसे पुरुष को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं है. क्यों की वे सदैव न्यायपंथगामी होते हैं. ॥ १८ ॥ परन्तु जो अज्ञानी जीव है, वह बारंबार रागोदय में काम भोगों को भला जानता है. इससे अत्यंत दुःख के लिये दुःखी होकर शारीरिक व मानसिक दुःख के चक्रमें पर्यटन करता रहता है. ऐसा मैं कहता हूं ॥ १९ ॥ यह लोकविजय नामक द्वितीय अध्ययनका तृतीय उद्देशा पूर्ण हुआ. आगे भोगको रोग रूप बताते हैं.

× + × × +

इस प्रकार से भोग में अत्यंत लुब्ध विषयासक्त जीवों को अनेक रोगोंकी उत्पत्ति होती है. ॥ १ ॥ जिन पुत्र कलत्रादिक के साथ वह रहता है. उसको जब रोगादिक की प्राप्ति होजाती है. तब वे पुत्र

... मेरी ना० रक्षाकर म० शरण देने तु० तूभी तं० उनको णा० नहीं ना० रक्षाकर वा० या स०
शरण देने॥ जा० जान करके दु० दुःख प० प्रत्येक सा० साता भो० भोग को अ० अनुशोचनीय इ० यहां ए०
कितनेक मा० मनुष्य को ति० त्रिविध जो० जो कुछ से० उनको त० तहां प० प्रमाण भ० होता है अ० थोडा
ब० बहुत मे० वे० व० उसमें ग० गृद्धि, चि० रहते हैं भो० भोगवने में ॥ ३॥ त० तत्र से० वे ए० एकदा

सूत्र

वा णं एगया णियगा पुव्विं परिवयंति, सो वा ते णियगे पच्छा परिवएज्जा, णालं ते तव ताणाए वा सरणाए वा, तुमंपि तेसिं णालं ताणाए वा सरणाए वा ॥ २ ॥ जाणित्तु दुक्खं पत्तेयं सायं भोगामेव अणुसोयंति—इहमेगेसिं माणवाणं तिविहेण जावि-से तत्थ मत्ता भवइ, अप्पा वा बहुआ वा से तत्थ गढिए चिट्ठति ? भोयणाए ॥ ३ ॥

भावार्थ

कलत्रादिक उस रोगीको निंदा करते हुवे छोड देते हैं. यह भी उन पुत्र कलत्रादिक से दुष्ट हुवा उनकी निन्दा करता हुवा छोड देता है. कदाचित् न छोडदेवे तो वे पुत्रादि तेरा रक्षण करने व तुझ को शरण देने में समर्थ नहीं होंगे और तूभी उनकी रक्षा करने व शरण देने में समर्थ नहीं होगा. ॥ २ ॥ दुःख और सुख प्रत्येक को अलग २ ही होता है. इस लोकमें कितनेक मनुष्यों को भोगकी इच्छा रहती है. थोडा बहुत धनकी व खान पान की प्राप्ति हुइ है, उसमें मन वचन और काया के त्रियोग से गृद्ध बन मरण पर्यन्त मग्न रहते हैं. ॥ ३ ॥ उपभोग करते बचा हुवा या व्यापारादिसे प्राप्त हुवा धन कदाचित्

१० भागवत हुवे पपा से० उत्पन्न हुवा म० महान उपकरण भ०होवे ते०उसकोभी से०ने ए०एकदा दा० स्व-जन वि० विभाग करते हैं अ० चोर अ० हरते हैं रा०राजा से०उसे लु० दंड लेता है णा० नाश होताहै से०वे वि० विनाश पाताहै अ० पर दा०अग्नेमें से० वह ड०जलता है इ०इसतरह प०दूसरोंकेलिये कू० क्रूरकर्म बा० अज्ञानी प० करता हुवा ते० उस दुःख से मू० मूर्ख वि० विपरीतता को उ० जाता है ॥४॥ आ० आशा छं०स्वछंदता

तओ से एगया विप्परिसिट्ठं संभूयं महोवगरणं भवति । तंपि से एगया दायाया विभ-यंति अदत्ताहारो वा से अवहरंति, रायाणो वा से विलुंपंति, णस्सइ वा से विणस्सइ, वा से अगारदाहेण वा से डज्झति. इति से परस्सअट्ठाए कूराणि कम्माणि बाले पकुव्वमाणे तेण दुक्खेण मूढे विप्परियासमुवेति ॥ ४ ॥ आसं च छंदं च विगिंच धीरे । तुमं चेव तं सल्लमाहट्टु ॥ ५ ॥ जे णासिया तेण णोसिया ॥ ६ ॥ इणमेव

पुण्योदय से उसके पास जो आवेतो उसका भी स्वजन विभाग लेते है, चोर चोरते हैं, राजा दंड लेता है, व्यापारादि से नष्ट होजाता है, तथा अग्निआदि से विनाश को प्राप्त होता है. इस तरह धनकी विदिशा होती हुई देख करके भी अज्ञानी दूसरे के लिये खोटे कर्म करते हैं. और उस दुःख से वे विपरीतपना को प्राप्त होते हैं ॥ ४ ॥ अहो धीर पुरुषों ! तुमको विषय वांच्छा तथा लालच से सदैव दूर रहना चाहि-ये ; क्योंकि जो आशारूप शल्य को धारन करते हैं. वे दुःखी होते हैं. ॥ ५ ॥ जिस धन से कदापि सुख

पदार्थ

भंगूरस्वभाव स० उन देखो ॥ ११ ॥ ण० अतृप्ति पा० देख अ० पूर्ण हो त० इनभोग से ए० यह ए० ऐसी तरह पा० देख मु० साधु म० महाभय ण० नहीं अ० वध करे कं० किसीका ॥ १२ ॥ ए० यह वी० वीर प० प्रशंसा पाये हुवे जे०जो ण०नहीं नि०खेदित होवे आ० संयम में ण० नहीं मे०मुझे दे०देवे ण० नहीं कु० कोप करे थो० थोडा ल० प्राप्त करके ण० नहीं खि० निन्दे प० ना कहे प० पिछा फिरे प० दियेबाद प० पीछा फिरे ॥ १३ ॥ ए० ऐसा स० साधु को स० संयम पालना चाहिये ति०

मूल

कुसलस्स पमादेण संति—मरणं सपेहाए भिदुरधम्मं सपेहाए ॥ ११ ॥ णालं पास, अलं ते एएहिं, एयं पास मुणी, महब्भयं णातिवाएज्जा कंचणं ॥ १२ ॥ एस वीरे पसंसिए, जेण णिविज्जइ आदाणाए, णमेदेति ण कुप्पेज्जा, थोवं लध्धुं ण खिंसए, पडिसेहिओ परिणमेज्जा, पडिलाभिओ परिणमेज्जा ॥ १३ ॥ एयं मोणं समणुवासि०

भावार्थ

शरीर को क्षण भङ्गुर जान करके चतुर पुरुषों को प्रमाद नहीं करना चाहिये. ॥११॥ भोग भोगवने से कदापि तृप्ति नहीं होती है. इसलिये भोगोंकी अभिलाषा नहीं करनी चाहिये क्योंकि भोगो को महाभय का कारण जान कर मुनि किसी भी प्राणी का वध करे नहीं ॥ १२ ॥ जो साधु संयम पालने में बिलकूलही खेदित नहीं होता है वह पराक्रमी मुनि प्रशंसनीय है. भिक्षार्थ गये यदि कोइ भिक्षा नदेवे तो उसपर क्रोध नकरे, थोडा देवेतो निन्दा नकरे, गृहस्थ ना कहेतो तुर्त पीछा फीर जाय, या भिक्षा प्राप्त होते ही पीछा चला जाय॥१३॥अहो मुनि ! तुमको सदैव इस तरह संयम पालना चाहिये, यथा श्री भगवान का कथनानुसार

शब्दार्थ नहीं म० मद करे अ० अलाभ होवे ण० नहीं सो० शोक करे ब० बहुत मिलने पर ण० न संग्रहे प० परिग्रह से अ० आत्मा को अ० दूर रख अ० अन्यथा न० नहीं देखे प० ममत्व त्यागे ॥८॥ ए० यह म० मार्ग अ० तीर्थंकरों ने प० कहा है ज० यथार्थ कु० होंश्यार णो० नहीं लि० लेपावे ति० ऐसा कहता हूं ॥ ९ ॥ का० काम दु० दुरुल्लंघनीय जी० जीवितव्य दुर्वर्धनीय का० कामका का० अभिलाषी स० निश्चय अ० यह पुरुष से० वे सो० शोक करता है झु० झुरता है ति० मर्यादभ्रष्ट होता है पि० दुःख पाता है प० परिताप पाता है ॥ १० ॥ आ० दीर्घदर्शी लो० लोकदर्शी लो० लोक का अ० अधोभाग जा० जाने उ० उर्ध्व-

सूत्र ण सोएज्जा, बहुंपि लध्धुं ण णिहे परिग्गहाओ अप्पाणं अवसक्केज्जा अण्णहा णं पासए परिहरेज्जा ॥ ८ ॥ एस मग्गे आरिएहिं पवेदिते, जहेत्थ कुसले णोवलिप्पेज्जासि त्तिबेमि ॥ ९ ॥ कामा दुरतिक्कमा, जीवियं दुप्पडिबूहणं कामकामी खलु अयं पुरिसे, से सोयति, झूरति, तिप्पति, पिड्डति, परितप्पति ॥ १० ॥ आयतचक्खू लोगविपस्सी

भावार्थ होना ज्यादा मिलजायतो ज्यादा ग्रहण नहीं करना. निष्परिग्रही रहना धर्मोपकरण को परिग्रहमें न देखना और उनपर ममत्व भी नही करना ॥ ८ ॥ पूर्वोक्त मोक्षमार्ग श्री तीर्थंकर महाराजने फरमाया है. इसमें प्रवर्तने वाले कुशल पुरुषही कर्म बंधसे लेपाते नहीं है. ऐसा मैं कहताहूं. ॥ ९ ॥ ये कामभोग अतीही दुर्जय हैं. और जीवितव्य बढसकता नही है. तथापि काम भोगके अभिलाषी पुरुष उसके लिये शोक करते हैं

[illegible] जानो? ॥ग० गृद्धि लो० लोक अ० परिभ्रमण करते हुये सं०गांधि [illegible] यह प० पुन्य लोक में प० यह वी० वीर प० प्रशंसा किया हुआ जे० जो व० बंधन में प० [illegible] ॥ २० ॥ ज० जैसा अं० अंदर त० तैसे बा० बाहिर ज० जैसा बा० बाहिर त० तैसा पा० अं- [illegible] अं० अंदर पृ० पवित्री दे० शरीर को विभाग पा० देखता है पु० पृथक २ सं० झरते प० पं-

[illegible] अहोभागं जाणति, उड्ढभागं जाणति, तिरियभागं जाणति ॥ ११ ॥ गढिए [illegible] अणुपरियहमाणे संधिं विदित्ता इह मच्चिएहिं एस वीरे पसंसिए जे बद्धे पडि- [illegible] ॥ १२ ॥ जहा अंतो तहा बाहिं जहा बाहिं तहा अंतो. अंतो पुतिदेहंतरा-

[illegible] है. [illegible] होता है, पीड़ित होता है, और दुःख पाता है. ॥ १० ॥ जो दीर्घदर्शी (आत्म [illegible] लोकके [illegible] जानता है वह लोक का ऊंचा, नीचा तथा तिर्यक् भागको जानता है, [illegible] जीव किस प्रकार उत्पन्न होते हैं उसे जान सकता है. ॥ ११ ॥ विषय गृद्धि लोक संसार [illegible] है इसलिये इस लोकमें ज्ञान दर्शन चारित्र रूप संधि (ग्राम अवसर) को जानकर [illegible] वही वीर प्रशंसनीय होते हैं, और वेही पुरुष दूसरे संसारबन्धन से बन्धे हुवे जीवोंको मुक्त [illegible] है. ॥ १२ ॥ यह उदारिक शरीर जैसा अंदर से असार है. वैसा बाहिर से भी असार [illegible] और जैसा बाहिर से असार है. वैसा अंदर से भी असार है. इससे पंडित पुरुषों को उचित है. कि शरीर

...ही म० ममत्व अ० अलाभ होवे ण० नहीं सो० शोक करे ब० बहुत मिलने पर ण० न संग्रह प० परि-ग्रह से अ० आत्मा को अ० दूर रख अ० अन्यथा न० नहीं होवे प० ममत्व मागे ॥८॥ ए० यह म० मार्ग अ० तीर्थंकरों ने प० कहा है ज० यथार्थ कु० होंस्यार णो० नहीं लि० लेपावे ति० ऐसा कहता हूं ॥ २ ॥ का० काम दु० दुरुल्लंघनीय जी० जीवितव्य दुर्वंधनीय का० कामका का० अभिलाषी प० निश्चय अ० यह पुरुष से० वे सो० शोक करता है झू० झुरता है ति० मर्यादाभ्रष्ट होता है पि० दुःख पाता है प० परिता-पाता है ॥ १० ॥ आ० दीर्घदर्शी लो० लोकदर्शी लो० लोक का अ० अधोभाग जा० जाने उ० उर्ध्व-

ण संपज्जा, बहुंपि लध्धुं ण णिहे परिग्गहाओ अप्पाणं अवसक्केज्जा अण्णहा णं पासए परि-हरेज्जा ॥ ८ ॥ एस मग्गे आरिएहिं पवेदिते, जहेत्थ कुसले णोवलिप्पेज्जासि त्तिबेमि ॥ ९ ॥ कामा दुरतिक्कमा, जीवियं दुप्पडिवूहणं कामकामी खलु अयं पुरिसे, से सोयति, झूरति, तिप्पति, पिड्डति, परितप्पति ॥ १० ॥ आयतचक्खू लोगविपस्सी

होना ज्यादा मिलजाय तो ज्यादा ग्रहण नहीं करना, निष्परिग्रही रहना धर्मोपकरण को परिग्रह में न देखना और उनपर ममत्व भी नहीं करना ॥ ८ ॥ पूर्वोक्त मोक्षमार्ग श्री तीर्थंकर महाराजने फरमाया है. इसमें वर-तने वाले कुशल पुरुषों कर्म बंधने लेपाते नहीं है. ऐसा मैं कहता हूं. ॥ ९ ॥ ये कामभोग अतीही दुर्जय हैं. और जीवितव्य बढ़ सकता नहीं है तथापि काम भोगके अभिलाषी पुरुष उनके लिये शोक करते हैं

[illegible] हुवे लो० लोक प० परिभ्रमन करने हुवे पं० मांगे

[illegible] से प० मह बी० बीज प० वनेगा किया हुवा जे० जो प० शेन में प०

[illegible] तो० बाहिर प० लेना प० चाहिर न० नैना प० भं०

[illegible] शरीर को [illegible] है पु० पुत्रक २ मे० सने प० पं०

[illegible] जानति, उड्डुमाणं जानति, णिविस्साणं जानति ॥ ११ ॥ गहित

[illegible] विकिंचा इह मविन्दि [illegible] जे वड़े पडि०

[illegible] ॥ १० ॥ जहा अंतो तहा वाहिं जहा वाहिं तहा अंतो. अंतो पुतिदेहंतरा०

[illegible] है. [illegible] ॥ १२ ॥ जो [illegible] (

[illegible] जानता है.

[illegible] लोक [illegible]

[illegible]) को जानकर

[illegible] ॥ १० ॥ [illegible] जीवों को [illegible]

[illegible] गति को [illegible]

शब्दार्थ दित प० पालनसंग ॥ १३ ॥ से० वे म० बुद्धिवन्त प० जान करके मा० नहीं य० फिर हु० नि धय ला० धूकपरना मा० नहीं ते० उसमें ति० विमुख म० आप मा० आदरे ॥ १३ ॥ का० क- र्तव्यव्याकुल स० निश्चय अ० यह पु० पुरुष ब० बहुतमायावी क० करे मू० मूढ पु० फिर लं० लोभ क० करता है लो० लोभ वे० वैर व० वृद्धि करे अ० अपनी आत्मा में ॥१५॥ ज०

मूल जि पासति पुढो विरत्तंनि पंडिए पडिलेहए ॥ १३ ॥ से मतिमं परिण्णाय मा य हु लालपधासी मा तेसु तिरिच्छ मप्पाण मावायए ॥ १४ ॥ कासंकसे खलु अयं पुरिसे, बहुमायी, कडेण मूढे पुणो तं करेति लोभं वेरं वड्ढति अप्पणो ॥ १५ ॥ जमिणं प-

भावार्थ के बाहिर प्रत्यक्ष नवद्वारों से झरते हुवे मलमूत्रादि को देखकर शरीर के अंदर का स्वरूप को पहिचानना और एवं प्रकार शरीर से ममत्व त्यागकर अपना आत्महित साधलेना ॥ १३ बुद्धिमानों का कर्तव्य है कि काम वृद्धि नहीं करे अर्थात्—जैसे कुत्ता मुखमें से पडती हुइ लार (थूक) को पीछा चूमलेता है, वैसे विद्वान वमनकिये हुवे काम भोगोंको नहीं ग्रहण करे और ज्ञानाभ्यासादिकमें विमुख भी नबने ॥ १४ ॥ कामी पुरुष मैं, ने, किया और मैं यह करूंगा एसी चिन्ता में व्याकुल होता हुआ मायावी बनकर लोभी बनता है और इसीने अपनी आत्मा की साथ वैरकी वृद्धि करता है, ॥ १५ ॥ मत्त गृद्धि पुरुष इस क्षणभङ्गर शरीर को अजर अमर करता हुवा इसकी वृद्धि केलिये सदैव चिन्तातुर रहता है, एसा देखकर मुनि शरीर

शब्दार्थ जिसलिये प० कहते हैं इ० यह च० निश्चय प० वृद्धिपाता है अ० अपरवत म० महा गृद्धि अ० अरति पे० यह देखो ॥ १६ ॥ अ० अज्ञान कं० दुखी होते हैं से० उसे तं० तूं जा० जान ज० जो मैं बे० कहता हूं ॥ १७ ॥ ते० वे इ० यहां प० पंडित प० कहते हुवे से० ऐसे ह० मारनेवाले भे० भेदनेवाले छे० छेदनेवाले लुं० लूंटने वाले वि० छीनने वाले उ० प्राणरहित करनेवाले करे अ० नहीं किया क० करूंगा मि० इति एसा म० मनमाना ज० जिसको वि० उपदेश करे ण० नहीं अ० पूर्ण बा० अज्ञानी की स० संगतिमें ते० जो

सूत्र णिकहिज्जइ इमस्स चेव पडिवूहणयाए अमरायइ महासड्ढी अट्ट—मेतं पेहाए ॥ १६ ॥ अपरिण्णाय कंदति से तं जाणह जमहं बेमि ॥ १७ ॥ ते इत्थ पंडिते पवयमाणे, से हंता, भेत्ता, छेत्ता, लुंपिता, विलुंपिता, उद्दवइत्ता, अकडं करिस्सामित्ति मण्णमाणे ज-

भावार्थ पर प्रसन्न रहे नहीं ॥ १६ ॥ जो जीव आत्मस्वभाव से अजान हैं, वे जीव विषय तृष्णा के वश होकर के अनेक दुःख भोगते हैं इसलिये हे भव्यों जो मैं कहताहूं उस उपदेश को जानो ॥ १७ ॥ अहो भव्यों ! इस जगतमें अनेक कुमतियों परमार्थ के अजान होने परभी पंडित नामकी उपाधि धारण करके निर्विकारी मुद्रा वेष पहिनके जगत के नायक बन बैठते हैं. और किसीने भी न किया एसा मन में मानते हुवे वे अनेक जीवों को मारते हैं, काटते हैं, लूटते हैं, प्रपंच कर सोसते हैं. समय पर प्राण भी हरण कर लेते हैं, और एसाही उपदेश करके कर्म बंध करते हैं. इसलिये एसे ढोंगीयों कि संगत बिल्कुलही करना नहीं चाहिये इतनाहीनहीं

शब्दार्थ कोइ मे॰ उसकी क॰ करे ए॰ एसा अ॰ साधु, को जा॰ कल्पे होवे ति॰ ऐसा बे॰ मैं कहता हुं ॥ १८ ॥ से॰ अब तं॰ उसे सं॰ जानकर अ॰ ज्ञानादिमें स॰ सावधानहो त॰ इसलिये प॰ पाप कर्म णे॰ न करे ण॰ न करावे ॥ १ ॥ सि॰ कदाचित् त॰ उसमें की एक भी वि॰ हिंसा करे छ॰ छेमें की अ॰ किसी भी क॰ करे ॥ २ ॥ सु॰ सुखार्थी ल॰ लालपाल करता हुवा स॰ स्वकीय दु॰ दुःख से मू॰

सूत्र स्सवियणं करेइ, अलं बालस्स संगेणं जे वा से करेति बाले ण एवं अणगारस्स जाय ति त्ति—बेमि ॥ १८ ॥ इति लोगविजयज्झणस्स पंचम उद्देसो सम्मत्तो. *

से तं संबुज्झमाणे आयाणीयं समुट्ठाए तम्हा पावकम्मं णेव कुज्जा णेव कारवे ॥ १ ॥

भावार्थ परन्तु इनके फंदमें फसने वाले की भी संगत करना नही चाहिये और जो सच्चा साधु है, उनको एसा उपदेश देनाभी कल्पता नही है. एसा मैं श्री भगवान की आज्ञा से कहताहुं ॥ १८ ॥ इति लोकविजयनामक द्वितीय अध्ययन का पांचवा उद्देशा पूर्ण हुवा इसमें लोक की नेश्रायमें न वर्तना एसा उपदेश दिया जो ममत्व त्यागी होवेंगे वे लोककी नेश्रायमें न रहेंगे इसलिये संयमी को ममत्व त्याग का उपदेश आगे कहते हैं.

उक्त बोध को जानने वाले मुनि ज्ञानादि में सावधान बन आप स्वयं पाप करे नहीं दूसरे केपास करावे नही ॥ १ ॥ जो कोइ छजीवनिकाय में से एक भी काया का घात करता होवे उसे छे ही जीविकाय के घातक कहना अथवा एक प्राणातिपात विरमण व्रतादि छ व्रतो में से किसी भी व्रत का

... पाने प० स्वकीय वि० विविध प्रमाद से पु० अलग २ व० व्रत प०
करे से० विष प० यह पा० प्राणी का वा० वध करे प० देखकर णो० नहीं णि० निकरण के लिये
प० करी प० ममत्व प० कही क० कर्मोपशांति ॥ ३ ॥ जे० जो म० ममत्वबु० बुद्धि ज० छोडता है
से० वे ज० छोडते हैं प० ममत्व से० वे दृ० निश्चय दि० दृष्टपन्थी मु० साधु ज० जिसको ण० नहीं
म० ममत्व ॥ ४ ॥ तं० उसे प० जानकर मे० पण्डित वि० जानकर लो० लोक व० वमनकरे लो०

सूत्र

सिया तत्थगयं विप्परामुसति छसु अण्णयरंमि कप्पति ॥ २ ॥ सुहट्ठी लालप्पमाणे सएण दुक्खेण मूढे विप्परियासमुवेति. सएण विप्पमाएण पुढोवयं पकुव्वति, जंसि-मे पाणा पव्वहिया पडिलेहाए णो णिकरणाए एस परिण्णा पवुच्चति कम्मोवसंती ॥ ३ ॥ जे ममाइयमतिं जहाति से जहाइ ममाइतं सेहु दिट्ठपहे मुणी जस्स णत्थि ममाइतं ॥ ४ ॥ तं परिण्णाय मेहावी विदित्ता लोगं वंता लोगसण्णं से मतिमं परिक्कमेज्जात्ति त्तेमि

भावार्थ

न करने वाला है। व्रत का भंग करने वाला गिना जाता है ॥ २ ॥ मूर्ख जीव सुख के लिये ला-लपता करता हुआ (भटकता हुआ) अपने दुःख से विपरीतता को प्राप्त होता है—अर्थात् दुःखी बनता है, तथा अपने ही प्रमाद से व्रतों का भंग करता है. इस संसार में प्राणी का वध होता है उसे देखकर दूसरेको दुःख होवे ऐसा कर्म करे नहीं. इसको ही परिज्ञा कहते हैं, और इसीसे कर्मोपशान्ति होती है ॥ ३ ॥ जो ममत्व बुद्धि का त्याग करते हैं वेही ममत्व को छोड सकते हैं, और जिनको ममत्व नहीं है वे ही मोक्ष

[illegible] उपदेश क० कर ए० ऐसा अ० साधु, को आ० करने होवे त्ति० ऐसा बे० मैं कहता हूं ॥ १८ ॥

[illegible] मानकर अ० ज्ञानादि में स० सावधानी न० इसलिये प० पाप कर्म णे० न करे [illegible] न करावे ॥ १ ॥ सि० कदाचित् त० उसमें से एक भी हि० हिंसा करे छ० छैं की अ० [illegible] करे ॥ २ ॥ सु० सुखार्थी ला० लालपात करता हुआ स० स्वकीय दु० दुःख से मू०

आयाण [illegible], अल बालस्स संगेणं जे वा से कारेति बाले ण एवं अणगारस्स जाय

[illegible]-शमि ॥ १८ ॥ इति लोगविजयज्झयणस्स पंचम उद्देसो सम्मत्तो. *

से [illegible] आयाणीयं समुट्ठाए तम्हा पावकम्मं णेव कुज्जा णेव कारवे ॥ १ ॥

[illegible] करने वाले की भी संगत करना नहीं चाहिये और जो सच्चा साधु है, उनको ऐसा उपदेश [illegible] नहीं है ऐसा मैं श्री भगवान की आज्ञा से कहता हूं ॥ १८ ॥ इति लोकविजयनामक [illegible] का पांचवा उद्देशा पूर्ण हुआ इसमें लोक की नेश्रायमें न रहना ऐसा उपदेश दिया जो [illegible] नेश्रायमें न रहेंगे इसलिये संयमी को ममत्व त्याग का उपदेश आगे कहते हैं.

[illegible] का जानने वाले मुनि ज्ञानादि में सावधान बन आप स्वयं पाप करे नहीं दूसरे के पास [illegible] नहीं ॥ १ ॥ जो कोई छजीवनिकाय में से एक भी काया का घात करता होवे उसे छे ही जी[illegible] का घातक कहना अथवा एक प्राणातिपात विरमण व्रतादि [illegible] व्रतो में से किसी भी व्रत [illegible]

शब्दार्थ

म्यगदर्शी ए० यह ओ० संसार त० तिरने वाला मु० साधु ति० तिरता है मु० मुक्त होता है वि० निवर्तता है वि० कहा ति० ऐसा कहता हूं ॥ ७ ॥ दु० मुक्तिगमन अयोग्य मु० साधु आ० आज्ञा बाहिर तु० तुच्छ गि० गिलानवने व० बोलने को ए० यह वी० वीर प० प्रशंसनीय अ० अतिक्रमे लो० लोक के सं० संयोग्य है ॥ ८ ॥ ए० यह णा० न्याय प० कहा है जं० जो दु० दुःख प० कहा इ० यहां मा० मनुष्य को त० उस दुःख मे कु० होश्यार प० परिज्ञा मु० कही ॥ ९ ॥ इ० ऐसे क० कर्म प० जान स० सर्वथा जे० जो

सूत्र

मुत्तं विरते वियाहिते त्ति-बेमि ॥ ७ ॥ दुव्वसु मुणी अणाणाए, तुच्छए, गिलाति वत्तए एस वीरे पसंसिए, अच्चेइ लोय संजोयं ॥ ८ ॥ एस णाए पवुच्चति, जं दुक्खं पवेदितं इह माणवाणं तस्स दुक्खस्स कुसला परिण्ण मुदाहरंति ॥ ९ ॥ इति कम्मपरि-

भावार्थ

वाला मुनिही तिरता है-मुक्त होता है, सावद्य योगसे निवर्तता है. ऐसा मुनि बखाना गया है. ऐसा मैं कहता हूं ॥ ७ ॥ तीर्थंकर की आज्ञा भंग करनेवाले स्वेच्छाचारी, प्रत्युत्तर देने में अचकाने वाले, तथा ज्ञान रहित मुनि मुक्ति गमनके अयोग्य होते हैं. और जिनाज्ञानुसार चलने वाले, सर्व जंजाल से दूर रहने वाले पराक्रमी साधु इस लोकमें प्रशंसनीय बनते हैं. ॥ ८ ॥ यही न्याय मार्ग कहा गया है. इस संसार में तीर्थंकर भगवानने मनुष्योंको दुःख बतायेहैं. उसको कुशल पुरुष ज्ञानपरिज्ञासे जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञासे त्याग करते हैं. ॥ ९ ॥ इस तरह कर्म का स्वरूप जानकर सर्वथा उपदेश करना कि जो परमार्थदर्शी हैं, वे मोक्ष

शब्दार्थ लोकसज्ञा मे० वे म० बुद्धिमन्त म० पराक्रम करे नि० ऐसा बे० कहता हूं ॥ ५ ॥ णा० नहीं भ० उदासी म० मदन कर वी० वीर णो० नहीं स० धरे र० खुशी ज० जिसलिये अ० शांत चित्त वाला वी० धीर त० इसलिये वी० धीर ण० नहीं र० रती धरे ॥ ६ ॥ स० शब्द फा० स्पर्श अ० सह ते णि० त्याग णं० खुशी इ० यह जी० जीवितव्य के लिये मु० साधु मो० संयम स० आदरकर धु० दूर कर क० कर्म स० शरीर प० प्रान्त लू० रूखा से० भोगवे वी० वीर स०

सूत्र ॥ ५ ॥ णारति सहते वीरे, वीरेणो सहतेरतिं, जम्हा अविमणे वीरे, तम्हा वीरेण रज्जति

॥ ६ ॥ सद्दफासे अहियासमाणे णिव्विंद णंदिं इह जीवियस्स, मुणी मोणं समादाय

धुण कम्मसरीरगं, पंतं लूहं च सेवंति वीरा संमत्त दंसिणो एसे ओघतरे मुणी तिन्ने

भावार्थ मार्ग को जानने वाले साधु हैं ॥ ४ ॥ उक्त कथन को जानकर बुद्धिमान साधु लोक का स्वरूप को जानकर लोक सज्ञा (देखा देखी) को छोडे ॥ ५ ॥ जो पराक्रमी साधु होते हैं वे किसी [illegible] पदार्थसे खुशी नहीं होते हैं वैसेही उदास नहीं होते हैं जिससे वे शान्त स्वभावी रहते हैं. इसलिये ही रागरूपी शत्रु उनका पराभव नहीं कर सकता है. ॥ ६ ॥ अहो साधुओ तुमको असंयम जीवितव्यके लिये शब्दादि काम भोगों की प्राप्ति होवे तो उसमें खुशी नहीं होना, परंतु संयम को अंगीकार करके कर्म और शरीर को निर्बल बनाना सम्यग्दर्शी वीर पुरुष हलका और रूखा भोजन को सेवन करे. ऐसा संसार समुद्रको पार होने

शब्दार्थ म्यगदर्शी ए० यह ओ० संसार त० तिरने वाला मु० साधु ति० तिरता है मु० मुक्त होता है वि० निवर्तता है वि० कहा ति० ऐसा कहता हूं ॥ ७ ॥ दु० मुक्तिगमन अयोग्य मु० साधु आ० आज्ञा बाहिर तु० तुच्छ गि० गिलानवने व० बोलने को ए० यह वी० वीर प० प्रशंसनीय अ० अतिक्रमे लो० लोक के सं० संयोग्य है ॥ ८ ॥ ए० यह णा० न्याय प० कहा है जं० जो दु० दुःख प० कहा इ० यहां मा० मनुष्य को त० उस दुःख से कु० होश्यार प० परिज्ञा मु० कही ॥ ९ ॥ इ० ऐसे क० कर्म प० जान स० सर्वथा जे० जो

सूत्र मुत्ते विरते वियाहिते त्ति-बेमि ॥ ७ ॥ दुव्वसु मुणी अणाणाए, तुच्छए, गिलाति वत्तए एस वीरे पसंसिए, अच्चेइ लोय संजोयं ॥ ८ ॥ एस णाए पवुच्चाति, जं दुक्खं पवेदितं इह माणवाणं तस्स दुक्खस्स कुसला परिण्ण मुदाहरंति ॥ ९ ॥ इति कम्मपरि-

भावार्थ वाला मुनिही तिरता है-मुक्त होता है, सावद्य योगसे निवर्तता है. एसा मुनि बखाना गया है. एसा मैं कहता हूं ॥ ७ ॥ तीर्थंकर की आज्ञा भंग करनेवाले स्वेच्छाचारी, प्रत्युत्तर देने में अचकाने वाले, तथा ज्ञान रहित मुनि मुक्ति गमनके अयोग्य होते हैं. और जिनाज्ञानुसार चलने वाले, सर्व जंजाल से दूर रहने वाले पराक्रमी साधु इस लोकमें प्रशंसनीय बनते हैं. ॥ ८ ॥ यही न्याय मार्ग कहा गया है. इस संसार में तीर्थंकर भगवानने मनुष्योंको दुःख बतायेहैं. उसको कुशल पुरुष ज्ञानपरिज्ञासे जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञासे त्याग करते हैं. ॥ ९ ॥ इस तरह कर्म का स्वरूप जानकर सर्वथा उपदेश करना कि जो परमार्थदर्शी हैं, वे मोक्ष

शब्दार्थ सम्यगदर्शी से० वे आ० अन्य में नहीं रमें जे० जो अ० अन्य में नरमे से० वेही अ० सम्यग्दर्शी ॥ १० ॥ ज० जैसा पु० पुण्यात्मा को क० कहतेहैं त० तैसा तु० तुच्छात्मा को क० कहते हैं, ज० जैसा तु० तुच्छात्मा को क० कहते हैं, त० तैसा पु० पुण्यात्मा को क० कहते हैं ॥ ११ ॥ अ० आपे ह० मारे अ० अनमानना, ए० इस तरहभी जा० जान भे० श्रेय ति० इति ण० नहीं. के कौन

सूत्र णणाय सव्वसो । जे अणण्णदंसी से अणण्णारामे, जे अणण्णा रामे से अणण्णदंसी ॥ १० ॥ जहा पुण्णस्स कत्थति तहा तुच्छस्स कत्थाति, जहा तुच्छस्स कत्थति तहा पुण्णस्स कत्थानि ॥ ११ ॥ अत्रियहणे अणातियमाणे एत्थंपि जाण सेयं-ति णत्थि केयं पुरिसे कंचणए । एस वीरे पसंसिए जे बद्धे पडि मोयए. उड्ढं अहं तिरियं दि-

भावार्थ मार्ग छोडकर अन्य मार्ग में रमण नहीं करते हैं और जो अन्य मार्ग में रमण नहीं करते हैं. वेही परमार्थदर्शी होते हैं ॥ १० ॥ निःस्वार्थी मुनि जैसे राजा को उपदेश देते हैं. वैसेही रंक को उपदेश देते हैं. और जैसे रंकको उपदेश देते हैं. वैसेही राजाको उपदेश देते हैं. क्योंकि दोनों की आत्मा मोक्ष प्राप्ति केलिये तुल्य है. ॥ ११ ॥ उपदेशको को श्रोताजन के अभिप्राय, ज्ञाति व धर्म इत्यादि का ज्ञान जरूरही रखना चाहिये. क्योंकि अज्ञान पने से कदाचित अयोग्य उपदेश होजाय, और प्रतिपक्षी कदाचित राजा आदि समर्थ होतो द्वेषके वशसे क्रोधित बनकर के उपदेशको मारे अपमान करे, तथा धर्म वृद्धि बदल धर्म हानी

शब्दार्थ

यह पुरुष कं० किस देवको नमता है, ए० ऐसे वी० वीर प० प्रशंसनीय जे० जो ब० बद्ध प० छूटे उ० ऊर्ध्व अ० अधो ति० तिर्यक् दि० दिशा में ॥ १२ ॥ से० वे स० सर्व काल स० सर्व प० प्रज्ञाचारी ण० नहीं लि० लिपाते छ० हिंसा से वी० वीर ॥ १३ ॥ मे० वे मे० पण्डित जे० जो अ० कर्म को दूर करने में निपुण, जे० जो ब० और ब० बन्ध मो० मोक्ष म० गवेषक, ॥ १४ ॥ कु० केवलज्ञानी पु० और णो० नहीं ब० बन्धाये हुवे णो० नहीं मु० मुक्त थये हुवे से० वे जे० जो च० निश्चय आ० क्रिया

सूत्र

सागु ॥ १२ ॥ से सव्वतो सव्व परिण्णाचारी ण लिप्पती छणपदेण वीरे ॥ १३ ॥ से मेहावी जे अणुग्घायणस्स खेयण्णे जे य बंधपमोक्खमन्नेसी ॥ १४ ॥ कुसले पुण णो बद्धे णो मुक्के । से जं च आरंभे जं च णारंभे अणारद्धं च ण आरंभे

भावार्थ

और इसलिये उपदेश विधि का ज्ञान बिना उपदेश देने में कुछभी कल्याण नहीं होता है. यह कौन पुरुष है, और किस देव को नमस्कार करता है इत्यादि जान होकर धर्मोपदेशकों को यथार्थ करना चाहिए. जो ऊर्ध्व, अधो, व तिर्यक् दिशामें कर्मसे बंधे हुए जीवको मुक्त कर सकताहै, वह ही वीर पुरुष प्रशंसनीय है. ॥ १२ ॥ इस तरह जो पराक्रमी सत्पुरुष सदैव परिज्ञाचारी होते हैं वे हिंसादि दोषोंसे निर्लेप रहते हैं. ॥ १३ ॥ जो कर्म को दूर करने में निपुण हैं, और बंध मोक्षको जानते हैं, वही विद्वान पंडित कहे जाते हैं ॥ १४ ॥ जो केवल ज्ञानी परमात्मा हैं उनको न तो बंध है, और न मोक्ष है. क्योंकि वे कृत कृत्य है.

... महा आ० करे ॥ १६ ॥ छ० क्षण २ प० परिज्ञासे जान कर छोडे लो० लोककी संज्ञा, स० सर्व ॥१६॥ उ० उपदेश पा० तत्वदर्शी को ण० नहीं ॥१७॥ बा० अज्ञानी पु० फिर णि० स्नेह का० कामको स० अनुमोदते, अ० उपशम नहीं दुःख जिसको दु० दुःखी हो दु० दुःख के ही आ० चक्र में अ० परिभ्रमण करता है त्ति० ऐसा कहता हूं ॥ १८ ॥ ÷ ॥

सूत्र

॥ १५ ॥ छणं छणं परिण्णाय लोगसन्नं च सव्वसो॥१६॥ उद्देसो पासगस्स णत्थि ॥ १७ ॥ बाले पुणणिहे काम समणुण्णे असमितदुक्खे दुक्खी दुक्खाणमेव आवट्टं अणुपरियट्टति त्तिबेमि ॥ १८ ॥ इति लोगविजयज्झयणस्स छट्ठोद्देसो, इति लोगविजय णाम बीअ मज्झयणं सम्मत्तं.

* * *

भावार्थ

ऐसा बनने की इच्छावाले को चाहिये कि उन्होंने जो किया सो करना और मना किया सो नहीं करना ॥ १५ ॥ लोक संज्ञाको तथा हिंसा को क्षण २ में जान कर सर्व प्रकार से त्याग करे.॥१६॥ तत्वज्ञ पुरुषों को उपदेश की आवश्यकता नहीं है. क्योंकि वे सदैव न्यायपंथगामी है. ॥ १७ ॥ परंतु जो अज्ञानी जीव है, वे वारंवार रागोदय से काम भोगोंको अच्छा जानते हैं, इनसे अनुपशान्त दुःखसे दुःखी होकर शारीरिक मानसिक दुःख चक्र में परिभ्रमण करते हैं, एसा मैं कहता हूं ॥ १८ ॥ इति भाव लोक विषय कषायादिकको विजय करने कि रीति बताने वाला द्वितीय अध्ययन पूर्ण हुवा ॥ आगे शीतोष्णीय नामक तृतीय अध्ययन परिसह सहन करनेके लिये बताते हैं.

× ÷

॥ शीतोष्णीय नामकं तृतीयमध्ययनम् ॥

सु० सोते हुवे अ० अज्ञानी स० सदा, मु० साधु स० सदा जा० जागते हैं॥१॥ लो० लोक में जा० जानो अ० अहितके लिये दु० दुःख स० आचार लो० लोक का जा० जान कर ए० यहां स० शस्त्र से उ० निवर्ते ॥ २ ॥ ज० जिस के लिये स० शब्द रू० रूप ग० गन्ध र० रस फा० स्पर्श अ० सब संसार कारण रूप भ० होवे ॥ से आ० आत्मा णा० ज्ञान वे० वेद ध० धर्म जान बं० ब्रह्म प० प्रज्ञा से प० जानता है लो० लोक को मु० साधु ति० ऐसा व० कहना. ध० धर्म का जान अं० ऋजु आ० आवर्त, सो० सोत स० सङ्ग प०

सुत्ता अमुणी सया । मुणिणो सया जागरंति ॥ १ ॥ लोयंसि जाण अहियाय दुक्खं, समयं लोगस्स जाणित्ता एत्थ सत्थोवरए ॥ २ ॥ जस्सिमे सद्दा य, रूवा य, गंधा य, रसा य, फासा य, अभिसमन्नागया भवंति, से आयवं, णाणवं, वेयवं, धम्मवं, बंभवं, पण्णाणेहिं परियाणति लोयं, मुणीति वच्चे, धम्मविउत्ति अंजु आवट्टसोयसंग - मभिजा-

पापी और परमार्थ के अजान जागते हुवे भी सोते समान हैं, और धर्मार्थ उद्यमी बने हुए साधु परमार्थ दर्शी होने से सोते हुवे सदा जागते समान हैं, ॥ १ ॥ लोक में दुःख अहित कर्ता है. ऐसा तू जान. तथा लोकों का छकाय के जीवों का यथार्थ आचार है, उसे जान करके निवृत्ति धारण करो ॥ २ ॥ जो पुरुष शब्द, रूप, रस, गंध और स्पर्श इनकी सुंदरता विरूपता में समभाव धारन करते हैं; रागद्वेष नहीं करते हैं वे पुरुष आत्मा. ज्ञान. वेद. धर्म और ब्रह्मको जानते हैं; तथा ज्ञानबलसे लोककोभी जान सकते हैं, उन

जंग भी आ० जाता है. नि० शीत उ० उष्ण चा० त्यागी से० वे नि० निग्रन्थ अ० दुःख र० सुख म० नहीं प० दःख णो० नहीं वे० वेदे, जा० जागृत वे० वैरसे उ० निवर्ते धी० धीर ए० यों दु० दुःख से प० छूटते हैं ॥ ३ ॥ ज० वृद्धावस्था म० मृत्यु व० वशपडे ण० मनुष्य स० निरंतर मू० मूर्ख ध० धर्म णा० नहीं जाणे ॥ ४ ॥ पा० देखकर आ० आतुर पा० प्राणी को अ० अप्रमत्त प० प्रवर्ते मं० जानकर ए० ऐसा म० बुद्धिवन्त पा० देखे ॥ ५ ॥ आ० आरंभ से उत्पन्न हुआ दु० दुःख इ० यह ण० जानकर मा० मायावी

पमि मआरिणच्चाइ. से निग्गंथे अरतिरतिसहे, फरुसयं णो वेदेति. जागरे वेरो- वरए वीरे एव दुक्खा पमुच्चति ॥ ३ ॥ जरामच्चुवसोवणीए णरे सततं मूढे धम्मं णाभिजाणति ॥ ४ ॥ पासिय आउरिए पाणे अप्पमत्तो परिव्वए । मंता एयं मइमं पास ॥ ५ ॥ आरंभजं दुक्ख मिणंति णच्चा, मायी पमाई पुण-रेइ गब्भं, उवेहमाणे

मार करते हैं. ऐसे धीर मान स्वभावी साधु रागद्वेष और विषय कषायादि संसार चक्र का स्वरूप का जानते हैं सुखदुःख की जराभी दरकार नहीं करते हैं, संयमसे भानी हुए मुनिवरों की साथ ध्यान नहीं देते हैं. और वैर के साथ वैरविरोध की निवृत्ति करते हैं. वे सर्व पलेशसे मुक्त होते हैं. ॥ ३ ॥ वृद्धावस्था तथा मृत्यु के वशीभूत तथा निरंतर मूढ मनुष्य धर्म को नहीं जानते हैं ॥ ४ ॥ जगत जन्तुओं को दुःखी देखकर साधुओं को संयम में अप्रमत्त विचरना चाहिये. अहो बुद्धि- मान मुनि ऐसा जानकर कभी वैसा दुःखी होने की इच्छा करे नहीं. ॥ ५ ॥ जगत् में जीव अनेक प्रकार

... फिर प० भावे ग० गर्भ में उ० उपेक्षा करता म० शब्द रू० रूप में, भे० मरण
मा० मृत्यु से डरनेवाला प० मृत्यु से प० छूटता है ॥ ३ ॥ अ० अप्रमत्त का० काम से उ० अलगारहे
पा० पापकर्म से वी० वीर पुरुष आ० आत्मगुप्त जे० जो खे० खेदज्ञ ॥ ७ ॥ जे० जो प० पर्यवजात स० शस्त्र
के खे० निपुण से० व अ० असत्यके खे० निपुण जे० जो अ० असत्यके खे० निपुण से० वे प० पर्यवजात
स० शस्त्र के खे० निपुण ॥ ८ ॥ अ० निष्कर्मी को व० व्यवहार ण० नहीं वि० होता है, क० कर्म से उ०

सूत्र

सद्द रूवेसु अंजू, मारामिसंकी मरणा पमुच्चति ॥ ६ ॥ अप्पमत्तो कामेहिं उवरतो
पावकम्मेहिं वीरे आयगुत्ते जे खेयन्ने ॥ ७ ॥ जे पज्जवजातसत्थस्स खेयन्ने, से
असत्थस्स खेयन्ने, जे असत्थस्स खेयन्ने से पज्जवजात सत्थस्स खेयन्ने ॥ ८ ॥

भावार्थ

